>

Title: Need to improve the GPRS system in Bikaner Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय को सदन में उठाना चाहता हूं। मेरे पास पाकिस्तान से मोबाइल पर एक कॉल आई। उसका नम्बर 923325758136 था। फोन करने वाले ने मेरे से कहा कि आप दस हजार रुपए जमा करा दो, आपकी 10 लाख की लॉटरी निकली है। यह फोन कॉल मेरे पास 10 फरवरी, 2012 को आई थी। फिर उस व्यक्ति ने मेरे साथ काफी देर तक बातचीत की। मुझे पता चला कि यह कोई ठगी से सम्बन्धित षडय़ंत्र है।

17.28 hrs.

(Shri Satpal Maharaj in the Chair)

मैंने इसकी जानकारी जिला पुलिस अधीक्षक, बीकानेर को दी, जहां का मैं सांसद हूं। उसके बाद मैंने इसकी जानकारी राज्य के मुख्य मंत्री कार्यालय को दी। इसके अलावा हमारे राज्य में जो एटीएस बना

हुआ है, उसे दी और डीजीपी, पुलिस को भी दी। इन सबको जानकारी देने के बावजूद भी अभी तक इस

पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जब मैंने इसे प्रैस में दिया तो राजस्थान से सम्बन्धित बहुत से लोगों के मुझे फोन कॉल आए। उन्होंने भी मुझे बताया कि हमारे पास भी पाकिस्तान से ऐसे फोन कॉल आते रहते हैं और कहा जाता है कि आप एक बार पांच हजार रुपए या दस हजार रुपए जमा करा दो। वे टोटल एड्रैस पूछते हैं और हमारा पैन कार्ड का नम्बर भी पूछते हैं। अगर एक बार पैसे जमा करा दिए गए तो उसे वह आतंकवादी संगठन से जोड़ देते हैं और फिर कहते हैं कि आपका अकाउंट आतंकवादी संगठन में आ गया है, आप हमेशा पैसे जमा कराते रहिए। मैं संसद सदस्य हूं। मेरे पास पाकिस्तान से फोन कॉल आती है और मैं राजस्थान की जितनी भी अथोरिटीज़ हैं, सबको इस बारे मे सूचित करता हूं, लेकिन उसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती है। मुझे कहा जाता है कि आप बीएसएनएल के अधिकारियों से बात करो। तो बीएसएनएल के अधिकारियों से जब मैंने बात की तो पता चला कि बार्डर एरिया और हमारा बीकानेर बार्डर एरिया में आता है, पाकिस्तान से लगा हुआ है, बार्डर एरिया में पुलिस और इंटेलिजेंस के पास जीपीआरएस सिस्टम ही नहीं है और सेटलाइट फोन काम में लेने वालों का पता ही नहीं चल पाता है। यह विषय देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है लेकिन जीपीआरएस सिस्टम ही उनके पास नहीं है। मैंने कहा कि मैं आपको एमपी लैड से दे देता हूं, आप मुझे बताइये कि कहां आपको जीपीआरएस सिस्टम लगाना है। मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि पाकिस्तान की विदेश मंत्री हिना रब्बानी के पास बंगलौर से कोई फोन गया और फोन करने वाले का इरादा कोई गलत नहीं था लेकिन उसके खिलाफ दूसरे ही दिन भारत सरकार ने कार्रवाई की। मेरे पास फोन आया है और हजारों लोगों के पास पाकिस्तान से फोन आये हैं, भारत सरकार क्यों अभी तक जागी नहीं है और क्यों पाकिस्तान सरकार को कार्रवाई करने के लिए नहीं कहा। मेरी मांग गृह मंत्री जी से, रक्षा मंत्रालय से है कि मेरे जैसे आदमी के पास फोन आने के बाद भी क्यों कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे हजारों आदमी ठगे गये हैं। आप देखें कि 18,000 रुपये जमा करवाये और उसे 10 रुपये भी नही ंमिले। ऐसे कामों से आतंकवादी घटनाएं भी बढ़ती हैं, आदमी फिर आतंकवाद से भी जुड़ जाता है और फिर पाकिस्तान के लोग उसका शोषण करते हैं। मेरी आपसे मांग है कि सरकार इसपर कार्रवाई करे और इस बारे में मुझे सूचित भी किया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

सभापति महोदय : डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलेंकी जी को अर्जुन राम मेघवाल के विषय के साथ संबद्ध किया जाता है।